# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान, द्वीपसमूह में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन और प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- श्री विजयपुरम स्थित जी बी पंत अस्पताल में अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन सुविधा स्थापित की गई है।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ''इनोवेट विद जीओआईस्टेट्स'' नामक डेटा–विज़ुअलाइज़ेशन हैकथॉन का शुभारंभ करने जा रहा है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरेसी मेंटर्स के लिए डाइट में प्रशिक्षण कार्यक्रम।

<><><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल और स्वच्छता विभाग का डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान, अंडमान लोक निर्माण विभाग के सहयोग से अभियन्ताओं और सहायक अभियन्ताओं के लिए द्वीपसमूह में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन और प्रबंधन पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। अट्ठाईस फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य अव्यवस्थित संचालन और रखरखाव कार्य प्रणालियों के कारण होने वाली चुनौतियों की पहचान कर अभियन्ताओं का कौशल विकास करना है, ताकि गैर–राजस्व जल और ऊर्जा खपत जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकाला जा सके। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल चरणबद्ध तरीके से अन्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए जल आपूर्ति योजनाओं की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अभियन्ताओं के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के महत्व पर बल दिया। संयुक्त सचिव सह निदेशक एवं प्रमुख प्रियतु मंडल वर्चुअल रूप से उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा, एस वी पी एम सी सचिव अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी, एस पी एम सलाहकार मोहम्मद इश्फाक, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता टीके प्रिजित रे, नोडल अधिकारी विनय हर्षवाल और आई सी सी डब्ल्यू के प्रधान वैज्ञानिक अबिरामी देवदास उपस्थित थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित जी बी पंत अस्पताल में अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन सुविधा स्थापित की गई है। इसका उद्घाटन आज स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और सभी के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस सुविधा से मरीजों के लिए समय की बचत होगी। 128 सीटी स्कैनर नवीनतम तकनीक से लैस है, जो इसे मरीजों के लिए सुरक्षित बनाता है। यह सीटी स्कैन हृदय स्कैन, मस्तिष्क इमेजिंग और पूरे शरीर के स्कैन सहित कई प्रकार की नैदानिक प्रक्रियाओं को करने में सक्षम है। जी बी पंत अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम के साहा ने प्रशासन के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस सुविधा से न केवल श्री विजयपुरम के निवासियों को, बल्कि अन्य द्वीपों के लोगों को भी लाभ होगा।

<><><><><><><>

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने माईगॉव के सहयोग से, ''इनोवेट विद जीओआईस्टेट्स'' नामक डेटा–विज़ुअलाइज़ेशन हैकथॉन का शुभारंभ करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय ''विकसित भारत के लिए डेटा–संचालित अंतर्दृष्टिकोण'' है। इस हैकथॉन का उद्देश्य भारत के युवा और प्रतिभाशाली छात्रों और शोधकर्ताओं को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा तैयार किए गए आधिकारिक आंकड़ों का उपयोग करके नवीन डेटा–संचालित अंतर्दृष्टि विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस हैकथॉन के माध्यम से युवा प्रतिभागियों को मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रिपोर्टों, माइक्रोडेटा और अन्य डेटासेट जैसे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, सकल घरेलू उत्पाद से आधिकारिक आंकड़ों का पता लगाने और उनका विश्लेषण करने के लिए आमंत्रण दिया जाएगा। इस हैकाथॉन का आयोजन आज से इक्कतीस मार्च तक माईगॉव प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। स्नातक, स्नातकोत्तर या शोधरत छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में दो लाख रुपए का एक प्रथम पुरस्कार, एक लाख के रुपए के दो द्वितीय पुरस्कार, पचास हजार रूपए के दो तृतीय पुरस्कार और बीस हजार रुपए के पच्चीस सांत्वना पुरस्कार शामिल हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित एम्प्लॉयज़ स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ने कल अपना चौहत्तरवां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान कॉर्पोरेशन की ओर से जंगलीघाट स्थित दुर्गा मंडप में विशेष सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा दस मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सूजा एन्टनी और श्रम आयुक्त श्रीनिवास राव सम्मानित अतिथि थे। स्वास्थ्य सचिव ने दिल्ली एन सी आर क्षेत्र में ई एस आई सी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि बीमित व्यक्तियों और उनके परिवारों के लाभ के लिए द्वीपसमूह में भी इसी तरह की सुविधाएं स्थापित की जानी चाहिए। ई एस आई सी के उप–निदेशक रमेश कुमार ने योजना के तहत कामगारों और उनके परिजनों के लिए उपलब्ध विभिन्न लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन बुनियादाबाद स्थित ई एस आई सी डिस्पेंसरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरव सरकार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एक सौ बावनवें फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरेसी मेंटर्स के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से गाराचरमा स्थित डॉ. एस राधाकृष्णन ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डाइट और निपुण भारत मिशन के राज्य नोडल अधिकारी, शिक्षा सदन के राज्य परियोजना कार्यालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों की फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरेसी कौशल को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के मेंटर्स को ध्यान में रखते हुए मिश्रित शिक्षण दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

एमटेरा नोड्स के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन शेड्यूल के तहत चेन्नई–श्री विजयपुरम लिंक सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल रात के समय अस्थायी रूप से बंद रहेगी। आम जनता, प्रशासन के विभिन्न विभागों और सभी अन्य हितधारकों से कहा गया है कि कल से लेकर तेरह अप्रैल तक रात के समय निर्धारित रखरखाव के कारण यह सेवा नब्बे मिनट तक रुक–रुक कर बाधित रहेगी। बीएसएनएल की आवश्यक सेवाओं 2जी मोबाइल और लैंडलाइन को सैटेलाइट के माध्यम से बनाए रखा जाएगा और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित उद्योग निदेशालय, की ओर से हाल ही में स्टार्टअप पिचिंग दो हजार पच्चीस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अभिनव विचारों पर पिचिंग सत्र के साथ लोगो, स्लोगन और प्रचार वीडियो पर पिचिंग प्रतियोगिता भी शामिल थी। इसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों के अलावा उद्यमियों और युवाओं ने भाग लिया, जिसमें उन्होंने अपने अभूतपूर्व विचारों और उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से AICRP ऑन प्लांटेशन क्रॉप्स परियोजना के तहत लिटिल अंडमान के हरमिन्दर बे में आदिवासी किसानों के लिए रोपण फसलों पर आधारित फसल प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजीत अरुण वामन ने बागानों के लिए उपयुक्त अंतर–फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की। आगामी मानसून सत्र के दौरान किसानों को सुपारी की उन्नत किस्मों की गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पच्चीस महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में कल महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा सुबह पांच बजे से आरंभ होगी। भजन, हवन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>